# BHADOHI POLICE

**प्रेस विज्ञप्ति**

**साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही** **दिनांक:16.02.2025**

**◆पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही द्वारा 03 पीड़ितों के खाते में कुल 66,000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस।**

**◆स्थानान्तरित धनराशि अपने खाते में पाकर पीड़ितों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद।**

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक अजीत कुमार उपाध्याय निवासी पुरुषोत्तमपुर थाना औराई जनपद भदोही के द्वारा लिंक के माध्यम से 89,999/- रुपये खाते से फ्रॉड करने की आनलाइन शिकायत दिनांक 07.09.24 को, आवेदक शिवकुमार सिंह निवासी सुरियांवा जनपद भदोही द्वारा गलती से अन्य खाते में 20,000/- रुपये ट्रांसफर कर देने शिकायत दिनांक 12.01.2025 को तथा आवेदक विष्णु कुमार साहू निवासी थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा 6,000/- रुपये फ्रॉड करने की शिकायत दिनांक 11.12.2024 को किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए का0 रवि कुमार, का0 बलराम यादव एवं का0 रोहन वर्मा द्वारा क्रमशः 40,000/-, 20,000/-, 6000/- रु0 (कुल-66,000/- रु0) धनराशि को पीड़ितों के खाते में वापस कराया गया। पीड़ितों द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही**

1.का0 रवि कुमार साइबर क्राइम पुलिस थाना।
2.का0 बलराम यादव साइबर क्राइम पुलिस थाना।
3.का0 रोहन वर्मा साइबर क्राइम पुलिस थाना।